# मक्का बीज नहीं उगा, 4 .5 लाख का नुकसान

## 2 किसानों ने लगाया कंपनी और दुकानदार पर आरोप, प्रशासन से कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** क्षेत्र में मक्का बीज का अंकुरण नहीं होने को लेकर किसान और बीज विक्रेता आमने-सामने आ गए हैं। किसानों ने खराब बीज बेचने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग ने जांच शुरू कर दी है। गोटेगांव क्षेत्र के किसान शुभम अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने स्थानीय दुकान से वायर कंपनी का डिलाव 9126 मक्का बीज खरीदा था। 10 एकड़ में बोवनी के लिए 14 पैकेट बीज 26 हजार 600 रुपये में लिए गए थे।




लेकिन बोवनी के बाद बीज का अंकुरण ही नहीं हुआ। इससे पूरी फसल प्रभावित हो गई और करीब 4 लाख 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। किसान का कहना है कि दुकानदार को सूचना देने के बाद भी खेत का निरीक्षण नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर जांच और मुआवजे की मांग की है। वहीं ग्राम खमरिया निवासी कृषक सर्वेंद्र पटेल ने भी आरोप लगाया कि उन्होंने गोटेगांव जैन ट्रेडिंग कंपनी से मक्के के *29 पैकेट बीज* लिए थे। 16 एकड़ में बोवनी की, लेकिन अंकुरण नहीं हुआ। इससे 4 से 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने भी विकासखंड कृषि अधिकारी गोटेगांव को शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। बीज विक्रेता ने आरोपों को निराधार बताया। दुकान संचालक का कहना है कि उसी बैच का बीज करीब 1000 एकड़ में बोया गया है और कहीं से शिकायत नहीं आई। उनका दावा है कि अत्यधिक बारिश के कारण बीज जमीन में सड़ गया होगा।

### रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी

कंपनी की परीक्षण रिपोर्ट में भी गुणवत्ता में कोई कमी नहीं पाई गई है। गोटेगांव विकासखंड के कृषि अधिकारी आर.एन. त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिलने पर कृषि वैज्ञानिकों, केवीके विशेषज्ञों, एसडीओ कृषि एवं एईओ को शामिल कर जांच दल बनाया गया है। दल खेत का निरीक्षण कर रहा है। यदि बीज की गुणवत्ता पर संदेह हुआ तो नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री को अपने बीच पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे

**नवभारत,साईंखेड़ा।** सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय के लोकार्पण समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने साईंखेड़ा स्थित रेवाश्री स्कूल का भ्रमण कर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों से आत्मीय मुलाकात की। शिक्षा मंत्री के विद्यालय पहुंचते ही पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से भर गया। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका स्वागत किया, वहीं विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बच्चों में अपने बीच प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री को देखकर विशेष उत्साह देखने को मिला।



### विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

विद्यालय परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने विद्यार्थियों से शिक्षा, अनुशासन, करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और उनके भविष्य के सपनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे और उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही एक मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## एक नजर में



### प्रक्षी ठाकुर का नवोदय विद्यालय में चयन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस संपन्न हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई थी जिसमें बाल विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल गुटोरी की छात्रा प्रक्षी ठाकुर पिता श्री अनिल ठाकुर का प्रतीक्षा सूची के बाद नवोदय विद्यालय में चयन हो गया। बिटिया को विद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। गौरतलब रहे कि इसी सत्र में अनन्या पटेल का भी नवोदय विद्यालय में चयन हुआ था।

### जिले में अब तक 196 .4 मिमी अर्थात 7 .73 इंच वर्षा दर्ज

**नवभारत,नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 17 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 196 .4 मिमी अर्थात 7 .73 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 17 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 7 .73 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 5 मिमी, गाडरवारा में 4, गोटेगांव में 25 मिमी और तेंदूखेड़ा 11 मिमी वर्षा आंकी गई है। भू-संसाधन एवं प्रबंधन नरसिंहपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 203 मिमी, गाडरवारा में 209 मिमी, गोटेगांव में 135 मिमी, करेली में 152 और तेन्दूखेड़ा में 283 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 621.60 मिमी वर्षा हुई थी।

### कलेक्टर ने किया मूंग उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर चल रहे मूंग उपार्जन कार्य के तहत कलेक्टर रजनी सिंह ने गुरुवार को मूंग उपार्जन केंद्र गरधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा किसानों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उपार्जन केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तौल, गुणवत्ता परीक्षण, बारदाना, परिवहन तथा भुगतान से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जाएं, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में अमानक (गुणवत्ताहीन) मूंग की खरीदी नहीं की जाए।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर** । रांझी थाना अंतर्गत एक्सटेंशन कॉलोनी के पास मेन रोड में बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला करते हुए उसे चाकू से गोद दिया । पुलि ने बताया कि विवेक यादव 28 वर्ष निवासी करोंदी रांझी का एक्सटेंशन कॉलोनी के पास मेन रोड रांझी में कार खड़ी करके दोस्तों से आपस में बातचीत कर रहा था उसी समय व्हीकल मोड़ मेमोरी तिराहा की तरफ से रांग साईड से 1 मोटर सायकल में नीरज कुशवाह अपने 2 साथियों के साथ हमारी कार के पास आकर मोटर सायकल खडी कर कार हटाने के लिये कहने लगे, वह कार से उतरकर उनसे कहा कि हम लोग जा रहे हैं तभी तीनों उससे बहस करते हुये विवाद करने लगे, गालियां देने से मना करने पर नीरज ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर पसली, एवं कमर मे चोटें पहुंचा दी, तीनों मोटर सायकिल से भाग गयें।

# महामुनिराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका ससंघ का आगमन आज

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका प्रशांत मति एवं आर्यिका विशुद्ध मति माता जी का तेंदूखेड़ा में चातुर्मास होना है नरसिंहपुर से पद विहार करते हुए आर्यिका संघ का डोभी पहुंचने पर सकल दिगम्बर जैन समाज ने माता जी की बड़े ही श्रद्धा भाव एवं हर्ष उल्लास बैंड बाजों के बीच मंगल आगवानी की पूरी समाज में उत्साह का वातावरण देखा गया।आर्यिका माता जी के मंगल सानिध्य में सुबह चंदा प्रभु जिनालय डोभी में श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन सम्पन्न की गई।आज शनिवार को पद विहार करते हुए आर्यिका संघ का सुबह तेंदूखेड़ा नगर आगमन पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा जोरदार तैयारियां की गई है। चार्तुमास के दौरान विविध धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन मंदिर परिसर में संपन्न होंगे जिससे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहेगा।



मंगल आगवानी के लिए समाज में उत्साह का वातावरण देखा गया

# नायब तहसीलदार पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा में अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच विवाद का मामला सामने आया है। अधिवक्ता संघ गाडरवारा ने बोहानी वृत्त की नायब तहसीलदार पर एक अधिवक्ता के साथ न्यायालय परिसर में कथित रूप से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) राजस्व गाडरवारा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

संघ के ज्ञापन के अनुसार, 14 जुलाई 2026 को अधिवक्ता हुसैन रफीक एक प्रकरण की पैरवी के दौरान बोहानी नायब तहसीलदार न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने पहुंचे थे। आरोप है कि आवेदन को बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए निरस्त कर दिया गया। जब अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई, तो नायब तहसीलदार ने न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों के सामने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानजनक व्यवहार किया। अधिवक्ता संघ का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इससे पहले भी कई अधिवक्ताओं ने संबंधित अधिकारी के व्यवहार को लेकर शिकायतें की हैं। संघ का कहना है कि न्यायालय जैसी गरिमामयी संस्था में इस प्रकार का व्यवहार न्याय व्यवस्था की गरिमा के प्रतिकूल है। संघ ने अपने ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर नरसिंहपुर को भी भेजी है तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो अधिवक्ता संघ आंदोलन सहित अन्य लोकतांत्रिक कदम उठाने पर विचार कर सकता है।



# मुरदई पंचायत में गंदगी का अंबार स्वच्छता की पोल खोल रहा पंचायत परिसर

**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरदई में स्थित सामुदायिक भवन बदहाली और उपेक्षा का शिकार है। देखरेख के अभाव में यह भवन पूरी तरह उपयोगहीन हो गया है। भवन परिसर में चारों ओर गाजर घास उग आई है।

पंचायत कार्यालय के आसपास भी खरपतवार और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थिति यह है कि भवन के समीप संचालित आंगनवाड़ी केंद्र के पास भी गंदगी फैली हुई है, जो बच्चों और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कार्यालय के पास ही इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण न करने के कारण सामुदायिक भवन की यह दुर्दशा हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और परिसर को स्वच्छ रखने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत परिसर ही स्वच्छ नहीं रहेगा तो गांव में स्वच्छता अभियान का क्या औचित्य रह जाएगा।




पंचायत कार्यालय के पास ही इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है



# विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में एक दिवसीय नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक एवं नशे की दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर पुलिस चौकी बरमान से प्रधान आरक्षक नरेंद्र सराठे आरक्षक हसन रजा रचना जाट अरविंद चौबे प्राचार्य के पी सलिलवार शिक्षक राजेश सेन विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा गोटेगांव, प्रथम बार निकली रथयात्रा

**रथयात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ**

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव नगर के इतिहास में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना अमृत संघ (इस्कॉन परिवार) के तत्वावधान में श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर ट्रस्ट समिति, श्री मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन तथा नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नगर को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्री जगन्नाथ का शुभ आगमन 16 जुलाई, गुरुवार को गोटेगांव में हुआ, जहां उन्होंने श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर में विश्राम किया। 17 जुलाई, शुक्रवार को प्रातः 5 बजे मंगला आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का क्रम प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे नगरवासियों के सहयोग से भगवान को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसे बाद में महाप्रसाद के रूप में हजारों भक्तों में वितरित किया गया। मंगला आरती, छप्पन भोग एवं महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार सहित नगर एवं ग्रामीण अंचल से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दोपहर बाद श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर से वैदिक विधि-विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई। रथयात्रा मुख्य बाजार, सराफा बाजार, भगतराम चौराहा, राम मंदिर, रिपटा मोहल्ला, सिंधी कॉलोनी, फुहारा चौक, तहसील कार्यालय, श्रेया होटल, खरया जी पेट्रोल पंप चौक, महाराणा प्रताप चौक तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम (मणि स्ट्रीट) सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर पहुंची।



# डाक विभाग के निजीकरण के विरोध में बड़ा आंदोलन, 20 जुलाई से काली पट्टी बांधकर करेंगे

**नवभारत,करेली।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ (मध्यप्रदेश परिमंडल) ने डाक विभाग के कथित निजीकरण, कर्मचारियों पर बढ़ते लक्ष्य (टारगेट) के दबाव और विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। महासंघ का कहना है कि कर्मचारियों का आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है तथा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। महासंघ के अनुसार आंदोलन की शुरुआत 20 से 27 जुलाई 2026 तक सभी डाकघरों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन से होगी। इसके बाद 28 जुलाई को मंडलीय कार्यालयों पर प्रदर्शन, 5 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और मांगें पूरी नहीं होने पर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

महासंघ ने प्रमुख मांगों में टारगेट आधारित कार्यप्रणाली समाप्त करने, रेल डाक सेवा (आरएमएस) को पुनः प्रभावी बनाने, रिक्त पदों पर भर्ती, भ्रष्टाचार पर रोक, वेतन विसंगतियों का समाधान, मृतक आश्रितों के समायोजन, पुरानी डिलीवरी व्यवस्था की बहाली तथा 17 सितंबर (विश्वकर्मा जयंती) को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग शामिल की है। महासंघ ने प्रदेश के समाचार माध्यमों से इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित करने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह विषय डाक कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता के हितों से भी जुड़ा हुआ है।

# सर्व स्वर्णकार महासंगठन की राष्ट्रीय बैठक

**नरसिंहपुर जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अनुमोदन**

**नवभारत/करेली/नरसिंहपुर।** सर्व स्वर्णकार महासंगठन की राष्ट्रीय बैठक 12 जुलाई 2026, रविवार को होटल किचन हाईवे, पिपरिया में आयोजित की गई। बैठक संगठन के वरिष्ठ संरक्षक तेजराम सोनी (बाबू जी) एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सोनी, पिपरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं संगठन के पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस दौरान समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी द्वारा नरसिंहपुर जिला एवं करेली नगर शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसका संगठन द्वारा अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी समाज एवं संगठन के हित में सक्रियता से कार्य करेंगे। बैठक में सुदामा सोनी बरेली, रईस सेमरी, मदन बक्तरा, राध सेमरी, राम प्रसाद बनखेड़ी, सुनील कांत बनखेड़ी, विजय गाडरवारा, सुरेश पिपरिया, उमाकांत, भवानी, उदयपुरा, ज्ञानेश प्रसाद, उदयपुरा, अनिल कुमार सोनी करेली सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।



# सोहिल मंसूरी ने कृषि अवशेषों को बनाया हरित ऊर्जा और रोजगार का आधार

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जो पराली कभी किसानों के लिए परेशानी और प्रदूषण का कारण मानी जाती थी, वही आज किसानों की अतिरिक्त आय, स्वच्छ ऊर्जा और स्थानीय रोजगार का माध्यम बन रही है। यह बदलाव संभव हुआ है युवा उद्यमी सोहिल मंसूरी की दूरदर्शी सोच और मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं के सहयोग से। डमरू घाटी गाडरवारा के सोहिल मंसूरी बताते हैं कि वे पहले कृषि कार्य से जुड़े हुए थे। लगभग तीन वर्ष पूर्व उन्हें पंजाब जाने का अवसर मिला। वहां उन्होंने देखा कि फसल कटाई के बाद बचने वाले कृषि अवशेषों का उपयोग बायोमास पेलेट बनाने में किया जा रहा है। यह नवाचार उन्हें इतना प्रेरित कर गया कि उन्होंने इसे अपने क्षेत्र में भी शुरू करने का संकल्प लिया। वापस लौटने के बाद उन्होंने इस विषय का गहन अध्ययन किया। उन्हें जानकारी मिली कि बायोमास पेलेट का उपयोग एनटीपीसी के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले के विकल्प के रूप में किया जाता है। इसके बाद उन्होंने विशेषज्ञों और संबंधित विभागों से चर्चा की तथा मध्यप्रदेश शासन की एमपी एमएसएमई डेवलपमेंट पॉलिसी एवं एग्री इंफ्रा योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्राप्त कर ग्रीन इंडियो बायोफ्यूल्स की स्थापना की। सोहिल बताते हैं कि शुरुआत में सबसे बड़ी चुनौती किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित करना था।

**निरीक्षण** — उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि मानते हुए पूरी निष्ठा से काम करने दिये निर्देश

# मुख्य अभियंता ने वितरण केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस जबलपुर क्षेत्र मुख्य अभियंता एस.के. गिरिया द्वारा गाडरवारा संभाग के अंतर्गत आने वाले वितरण केन्द्र तेंदूखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री नीलाभ श्रीवास्तव नरसिंहपुर कार्यपालन अभियंता दिनेश पाल गाडरवारा प्रियंक दीपक कार्यपालन अभियंता एसटीएम एसटीसी नरसिंहपुर सहायक अभियंता पी.के.लोधी गाडरवारा द्वितीय कनिष्ठ अभियंता पुरुषोत्तम धुर्वे कनिष्ठ अभियंता प्रमुख रुप से उपस्थित थे। मुख्य अभियंता द्वारा कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।



उक्त अवसर पर लाइन परिचालक मदनपुर मुख्यालय कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित किया गया।निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसमें मुख्यालयवार ग्रामवार राजस्व बकाया राशि की विस्तृत समीक्षा ।33 केवी एवं 11 केवी फीडरों की ट्रिपिंग की समीक्षा। एनएससी कार्यों की प्रगति की समीक्षा।

### गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए

पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा। 1912 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि शत प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। कृषि उपभोक्ताओं को नियमानुसार 10 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाए। 1912 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

# कंटेनर ने सीआरपीएफ के वाहन को टक्कर मारी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले के स्टेशनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मगरधा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन के वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य जवानों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही स्टेशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, सीआरपीएफ का वाहन (क्रमांक एमपी 50 टी 8474) बालाघाट से भोपाल की ओर जा रहा था। वाहन में कुल 10 जवान सवार थे, जिनमें चार आगे और छह पीछे बैठे थे। मगरधा चौराहे के पास पीछे से आ रहे कंटेनर (क्रमांक एमएच 40 बीजी 6607) ने वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सीआरपीएफ का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पीछे बैठे जवान घायल हो गए। हादसे में आरक्षक रोनीन (35), पिता एम. रामन शानीन, निवासी कन्याकुमारी (तमिलनाडु) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वे सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन, बालाघाट में पदस्थ हैं। उनके जबड़े में फ्रैक्चर और दाहिने कंधे में गंभीर चोट आई है।



### कंटेनर चालक पर मामला दर्ज

वहीं आरक्षक जयपाल वैद्य (46), पिता गोदरू वैद्य, निवासी भंडारा (महाराष्ट्र) के दाहिने घुटने में फ्रैक्चर हुआ है। उनके दाहिने कंधे, कोहनी और बाएं हाथ की कलाई में भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में घायल अन्य तीन जवानों को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य कराया। स्टेशनगंज पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल कर रही है।